केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित

(पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन)

56-57, सांस्थानिक क्षेत्र, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

दूरभाष सं.-011-28524993, 28524995, 28520979, 28520966

वेबसाईट-www.sanskrit.nic.in

अधिसूचना संख्या- के.सं.वि./36014/विज्ञापन/योजना-/2024-25/03 **दिनांक- 10-06-2024**

अधिसूचना

संस्कृत संवर्धन योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित

संस्कृत के संवर्धन की केन्द्रीय योजनाओं के अंतर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली की अधिसूचना दिनांक 05.05.2024, भारतवर्ष के प्रमुख समाचारपत्रों में प्रकाशित दिनांक 09.05.2024 तथा विश्वविद्यालय की अधिसूचना दिनांक 10.05.2024, के द्वारा निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं के तहत इच्छुक एन.जी.ओ./स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय/ प्रकाशक/वैयक्तिक/ छात्रों से ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं:-

क्रम संख्या	योजना का नाम	ऑनलाईन पंजीकरण	
		आरम्भ तिथि	अन्तिम तिथि
1.	**संस्कृत शिक्षण -** पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/सरकारी विद्यालयों/गुरु शिष्य परम्परा संस्थाओं में शिक्षण हेतु संस्कृत एवं आधुनिक विषय के शिक्षकों की व्यवस्था तथा आवासीय छात्रवृत्ति।	**10.06.2024**	**31.07.2024**
2.	**सम्मान राशि -** अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों के लिए वार्षिक वृत्ति।		
3.	**संस्कृत संवर्धन कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ -** विभिन्न संस्कृत संवर्धन कार्यक्रमों के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता।		
4.	**संस्कृत पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण।**		
5.	**शास्त्र चूड़ामणि -** संस्कृत शास्त्र के शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों की अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता।		
6.	**व्यावसायिक प्रशिक्षण -** पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत संस्थाओं में अध्ययनरत छात्रों को प्रशिक्षण।		
7.	**छात्रवृत्ति -** पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से 9वीं कक्षा से पीएच.डी. तक संस्कृत/ पालि/प्राकृत भाषा को अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृत्ति।	**05.06.2024**	**15.09.2024**

ऑनलाइन आवेदन भरने से पूर्व सभी नवीकरण/नवीन एन.जी.ओ./स्वैच्छिक संगठन/संस्थाएं/विश्वविद्यालय को भारत सरकार के निम्नलिखित पोर्टल पर पंजीकृत होना अनिवार्य है: -

- सभी उच्च शिक्षण संस्थान “All India Survey on Higher Education (AISHE)” पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। पंजीकरण के लिए लिंक है - https://aishe.gov.in
- सभी स्कूल स्तर के संस्थान “Unified Digital Information on School Education (UDISHE+)” पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। पंजीकरण के लिए लिंक है - http://udiseplus.gov.in
- सभी एन.जी.ओ. **“Darpan Portal of NITI Aayog”,** पोर्टल पर पंजीकृत होने चाहिए। पंजीकरण के लिए लिंक है - https://ngodarpan.gov.in

प्रत्येक योजना के दिशानिर्देश, आवश्यक दस्तावेज, मानदेय राशि, ऑनलाईन माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया एवं आवेदन पत्र को अग्रसारित करने की प्रक्रिया आदि की विस्तृत जानकारी हेतु कृपया केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.sanskrit.nic.in/schemes पर अवलोकन करें।

अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्व में जारी अधिसूचना दिनांक 09.05.2024 के अनुसार यथावत रहेंगी।

हस्ता./-

निदेशक (केन्द्रीय योजनाएँ)